UPSI180005232021

न्यायालय Civil Judge Junior Division, Mahmudabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Mayank Prakash)**, (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02293**

मूलवाद सं० - Civil Suit/94/2021

शिवपल्टन आदि बनाम धनीराम आदि

दिनॉक–19.02.2021

प्रार्थना–पत्र 6ग मय शपथ–पत्र व प्रार्थना–पत्र 8ग वादीगण की ओर से प्रस्तुत किया गया।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादीगण द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि वादीगण गाटा सं0 746 रक्बा 0.025 हे0 स्थित ग्राम खालगॉव, परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर के मालिक, काबिज व संक्रमणीय भूमिधर हैं। वादीय भूमि को नक्शा संलग्न वाद–पत्र में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित किया गया है। वादीगण भूमि का प्रयोग कृषि कार्यो में करते चले आ रहे हैं। वादीय गाटा सं0 746 से प्रतिवादीगण का कोई वास्ता–सरोकार नहीं है। प्रतिवादीगण गाटा सं0 746 की भूमि पर जबरन कब्जा करके निर्माण कर लेना चाहते हैं उपरोक्त कारणवश प्रतिवादीगण को निषेधित कर दिया जाय। वादीगण की ओर से सूची 9ग से 10ग खतौनी एवं 11ग खसरा दाखिल किया गया है।

वादीगण की ओर से दाखिल राजस्व प्रपत्रों नकल खतौनी 10ग एवं 11ग खसरा से वाद–पत्र के अभिकथनों का इस स्तर पर समर्थन होता है। तद्नुसार इस स्तर पर विवादित स्थल को संरक्षित किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। अग्रिम नियत तिथि तक प्रतिवादीगण गाटा सं0 746 रक्बा 0.025 हे0 स्थित ग्राम खालगॉव, परगना व तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें। वादीगण आदेश 39 नियम 3 जा0दी0 का अनुपालन करे। इस आदेश का प्रभाव सीमांकन कराने वाले सक्षम प्राधिकारी पर नहीं पड़ेगा। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रा0–पत्र 6ग दिनांक–09.03.2021 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

निस्तारण प्रार्थना–पत्र 8ग2

प्रार्थना–पत्र 8ग2 वादीगण की ओर से नियुक्त किये जाने कमीशन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

न्यायहित में प्रा0 पत्र 8ग2 स्वीकार किया जाता है। बाद पैरवी न्यायालय अमीन कमिश्नर को नोटिस जारी हो। कमिश्नर अपनी आख्या मय मानचित्र नियत तिथि तक प्रस्तुत करें।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।
J.O. Code-UP-2293

अजय/–

Digitally signed by Mayank Prakash
Date: 2021.02.19 18:48:51 IST
Reason: Document Owner
Location: Civil Judge J.D./J.M. Mahmudabad, Sitapur.